अवनी लेखरा ने पैरा-शूटिंग वर्ल्ड कप में जीता गोल्ड

चर्चा में क्यों?

7 जून, 2022 को भारत की स्टार पैरा-शूटर टोक्यो पैरालंपिक्स चैंपियन अवनी लेखरा ने फ्राँस के चेटियारो में पैरा-शूटिंग वर्ल्ड कप में आर2 महिला 10 मीटर एयर राइफल में विश्व रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता।

प्रमुख बिंदु

- जयपुर की 20 साल की अवनी ने महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में 250.6 अंकों के साथ यह गोल्ड जीता है। इस जीत के साथ ही उन्होंने 2024 के पेरिस पैरालंपिक्स में जगह बना ली है।
- अवनी ने 249.6 के अपने ही विश्व रिकॉर्ड को तोड़कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है।
- गौरतलब है कि अवनि ने पिछले साल अगस्त में टोक्यो पैरालंपिक में एसएच 1 वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन एसएच 1 स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता और पैरालंपिक में एक से अधिक पदक जीतने वाली भारत की पहली पैरा एथलीट हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/avani-lekhara-wins-gold-at-para-shooting-world-cup